भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CULTURE
NATIONAL MONUMENTS AUTHORITY

“पुराना किला, दिल्ली” के लिये धरोहर उपनियम

Heritage Bye-laws for “**Purana Qila, Delhi**”

विषयवस्तु		
अध्याय I **प्रारंभिक**		
1.0	अधिसूचना, संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ	01
1.1	परिभाषाएँ	01
अध्याय II **प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 की पृष्ठभूमि**		
2.0	अधिनियम की पृष्ठभूमि	04
2.1	धरोहर उप नियमों से संबंधित अधिनियम के उपबंध	04
2.2	आवेदक के अधिकार और जिम्मेदारियां (जैसा कि नियम में बताया गया है)	05
अध्याय III **नई दिल्ली स्थित केंद्रीय संरक्षित स्मारक पुराना किला की अवस्थिति**		
3.0	स्मारक का स्थान एवं अवस्थिति	05
3.1	स्मारक की संरक्षित सीमा	06
	3.1.1 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ए.एस.आई.) अभिलेख (रिकॉर्ड) के अनुसार अधिसूचित मानचित्र / योजना:	06
3.2	स्मारकों/स्थल का इतिहास	06
3.3	स्मारक का विवरण (वास्तुकला विशेषताएँ, तत्व, सामग्री आदि)	07
3.4	वर्तमान स्थिति	12
	3.4.1 स्मारक की स्थिति, स्थिति का मूल्यांकन	12
	3.4.2 दैनिक पदार्पण व कभी – कभार जुटने वाली भीड़	12
अध्याय IV **स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में, यदि कोई है, तो विद्यमान क्षेत्रीयकरण**		
4.0	स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में विद्यमान क्षेत्रीकरण	12
4.1	'दिल्ली मुख्य योजना (मास्टर प्लान)''2021 के वर्तमान दिशा-निर्देश संलग्नक– I में देखे जा सकते हैं।	13
अध्याय V **प्रथम अनुसूची, और टोटल स्टेशन सर्वेक्षणके अनुसार सूचना**		
5.0	किले की समोच्च योजना(कंटूर प्लान)	13
5.1	सर्वेक्षण किए गए विवरण (डाटा) का विश्लेषण	13
	5.1.1 प्रतिषिद्ध क्षेत्र और विनियमित क्षेत्र का विवरण	13
	5.1.2 निर्मित क्षेत्र का विवरण	13

	5.1.3 हरित/खुले स्थलों का विवरण	15
	5.1.4 परिसंचरण सड़कों, पैदलपथों (फुटपाथ्स) आदि के अंतर्गत आवरण क्षेत्र	16
	5.1.5 इमारतों की ऊंचाई क्षेत्रवार (जोनवाइज)	16
	5.1.6 प्रतिषिद्ध/ विनियमित क्षेत्र के भीतर राज्य संरक्षित स्मारक और यदि उपलब्ध हो तो स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा सूचीबद्ध भवन:	16
	5.1.7 जन सुविधाएं	17
	5.1.8 स्मारक तक पहुंच	17
	5.1.9 अवसंरचनात्मक सुविधाएं (जल आपूर्ति, वर्षा के पानी की निकासी, मल प्रवाह, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पार्किंग आदि):	18
	5.1.10 स्थानीय निकायों के दिशा-निर्देशों के अनुसार क्षेत्र का प्रस्तावित क्षेत्रीयकरण (जोनिंग):	18
अध्याय VI **स्मारक का स्थापत्य, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व**		
6.0	स्थापत्य, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व	18
6.1	स्मारक की संवेदनशीलता (अर्थात विकासात्मक दबाव, शहरीकरण, जनसंख्या दबाव आदि):	19
6.2	संरक्षित स्मारक अथवा क्षेत्र से दृश्यता और विनियमित क्षेत्र से दृश्यता:	19
6.3	भूमि के उपयोग की पहचान	19
6.4	संरक्षित स्मारकों के अतिरिक्त पुरातात्विक धरोहर अवशेष	19
6.5	सांस्कृतिक परिदृश्य	20
6.6	महत्वपूर्ण प्राकृतिक परिदृश्य जो सांस्कृतिक परिदृश्य का हिस्सा हैं और पर्यावरण प्रदूषण से स्मारक की रक्षा करने में भी मदद करते हैं:	21
6.7	खुले स्थान का उपयोग और निर्माण-कार्य	21
6.8	परंपरागत, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कार्यकलाप	21
6.9	स्मारक और विनियमित क्षेत्रों से दिखाई देने वाला क्षितिज	21
6.10	स्थानीय वास्तुकला	21
6.11	स्थानीय प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध विकासात्मक योजना	21
6.12	भवन संबंधी पैरामीटर	21
6.13	पर्यटक सुख- सुविधाएं	22
अध्याय VII **स्थल विशिष्ट संस्तुतियां**		
7.0	स्थल विशिष्ट अन्य संस्तुतियां	22

CONTENTS

	CHAPTER I	
	PRELIMINARY	
1.0	Notification and Short title, Extent and Commencement	23
1.1	Definitions	23
	CHAPTER II	
	BACKGROUND OF THE ANCIENT MONUMENTS AND ARCHAEOLOGICAL SITES AND REMAINS (AMASR) ACT, 1958	
2.0	Background of the Act	26
2.1	Provision of Act related to Heritage Bye-Laws	26
2.2	Rights and Responsibilities of Applicant	26
	CHAPTER III	
	LOCATION AND SETTING OF CENTRALLY PROTECTED MONUMENT OF PURANA QILA, NEW DELHI	
3.0	Location and Setting of the Monument	27
3.1	Protected boundary of the Monument	28
	3.1.1 Notification Map/Plan as per ASI records	28
3.2	History of the Monument	28
3.3	Description of Monument (Architectural features, Elements, Materials etc.)	28
3.4	Current Status:	33
	3.4.1 Condition of Monument	33
	3.4.2 Daily footfalls and Occasional gathering numbers	33
	CHAPTER IV	
	EXISTING ZONING, IF ANY, IN THE LOCAL AREA DEVELOPMENT PLAN	
4.0	Existing Zoning in the local area development plans	33
4.1	Existing Guidelines of the local bodies as per Delhi Master Plan 2021(Annexure-I)	33
	CHAPTER V	
	INFORMATION AS PER FIRST SCHEDULE AND TOTAL STATION SURVEY	
5.0	Contour Plan of the fort	34
5.1	Analysis of surveyed data:	34
	5.1.1 Protected Area, Prohibited Area and Regulated Area details	34
	5.1.2 Description of built up area	34
	5.1.3 Description of green/open spaces	35

	5.1.4 Area covered under circulation – roads, footpaths etc.	36
	5.1.5 Height of buildings (zone-wise)	36
	5.1.6 State protected monuments and listed Heritage Buildings	37
	5.1.7 Public amenities	37
	5.1.8 Access to monument	37
	5.1.9 Infrastructure services	38
	5.1.10 Proposed zoning of the area as per guidelines of the Local Bodies	38
	CHAPTER VI **ARCHITECTURAL, HISTORICAL AND ARCHAEOLOGICAL VALUE OF THE MONUMENT**	
6.0	Historical and archaeological value	38
6.1	Sensitivity of the monument	38
6.2	Visibility from the protected monument or area and visibility from Regulated Area	39
6.3	Land-use to be identified	39
6.4	Archaeological heritage remains other than protected monument(s)	39
6.5	Cultural landscapes	40
6.6	Significant natural landscapes	40
6.7	Usage of open space and constructions	40
6.8	Traditional, historical and cultural activates	40
6.9	Skyline as visible from the monument and from Regulated Areas	41
6.10	Vernacular architecture	41
6.11	Developmental plan as available by the local authorities	41
6.12	Building related parameters	41
6.13	Visitor facilities and amenities	42
	CHAPTER VII **SITE SPECIFIC RECOMMENDATIONS**	
7.0	Other Site Specific Recommendations	42

	संलग्नक/ Annexure	
संलग्नक- I	भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अनुसार संरक्षित चारदीवारी की व्याख्या संबंधी अधिसूचना मानचित्र	43
Annexure- I	Notification map as per ASI records – definition of Protected Boundaries	43
संलग्नक- II	स्मारक और इसके आस-पास के चित्र	44
Annexure- II	Images Of The Surrounding Areas Of The Monument	44
संलग्नक- III	स्थानीय निकाय दिशा – निर्देश	48
Annexure- III	Local Bodies Guidelines	58
संलग्नक- IV	पुराना किला स्मारक के लिए विस्तृत जानकारी प्रदान करने वाले मानचित्र	66
Annexure-IV	Maps Providing Detailed Information for Monument- Purana Qila	66

भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण

प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 जिसे प्राचीन संस्मारक और पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (धरोहर उप नियम बनाना और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम 2011 के नियम (22) के साथ पढ़ा जाए, की धारा 20 ङ द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय संरक्षित स्मारक 'पुराना किला' के लिए निम्नलिखित प्रारूप धरोहर उप नियम जिन्हें "कला और सांस्कृतिक विरासत के लिए भारतीय राष्ट्रीय न्यास" (इनटेक) के साथ परामर्श करके सक्षम प्राधिकारी द्वारा तैयार किया गया है, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्तें और कार्य निष्पादन), नियम 2011 के नियम 18, उप नियम (2) द्वारा यथा अपेक्षित सभी व्यक्तियों की आपत्ति और सुझाव आमंत्रित करने के लिए एतत् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

आपत्तियॉं अथवा सुझाव, यदि कोई हैं, तो उन्हें सदस्य सचिव, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (संस्कृति मंत्रालय) 24, तिलक मार्ग, नई दिल्ली को अथवा ईमेल helpdesk.nma@gmail.com पर अधिसूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के अंदर भेजा जाए।

किसी व्यक्ति से अवधि समाप्त होने की तिथि से पूर्व प्राप्त उक्त प्रारूप उप नियमों के संबंध में यथा विनिर्दिष्ट, आपत्ति अथवा सुझाव, पर राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण द्वारा विचार किया जाएगा।

धरोहर उप नियम प्रारूप
अध्याय I
प्रारंभिक

1.0 संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ-

(i) इन उप नियमों को केंद्रीय संरक्षित स्मारक पुराना किला के राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण धरोहर उप नियम,2019 कहा जाएगा।
(ii) ये स्मारक के सम्पूर्ण प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र तक लागू होंगे।
(iii) ये उनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

1.1 परिभाषाएँ-

(1) इन उप नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो:-

(क) "प्राचीन संस्मारक" से कोई संरचना, रचना या संस्मारक, या कोई स्तूप या दफ़नगाह,या कोई गुफा, शैल-रूपकृति, उत्कीर्ण लेख या एकाश्मक जो ऐतिहासिक, पुरातत्वीय या कलात्मक रूचि का है और जो कम से कम एक सौ वर्षों से विद्यमान है, अभिप्रेत है, और इसके अंतर्गत हैं-

(i) किसी प्राचीन संस्मारक के अवशेष,
(ii) किसी प्राचीन संस्मारक का स्थल,
(iii) किसी प्राचीन संस्मारक के स्थल से लगी हुई भूमि का ऐसा प्रभाग जो ऐसे संस्मारक को बाड़ से घेरने या आच्छादित करने या अन्यथा परिरक्षित करने केलिए अपेक्षित हो, तथा
(iv) किसी प्राचीन संस्मारक तक पहुंचने और उसके सुविधापूर्ण निरीक्षण के साधन;

(ख) "पुरातत्वीय स्थल और अवशेष" से कोई ऐसा क्षेत्र अभिप्रेत है, जिसमें ऐतिहासिक या पुरातत्वीय महत्व के ऐसे भग्नावशेष या परिशेष हैं या जिनके होने का युक्तियुक्त रूप से विश्वास किया जाता है, जो कम से कम एक सौ वर्षों से विद्यमान है, और इनके अंतर्गत हैं-

(i) उस क्षेत्र से लगी हुई भूमि का ऐसा प्रभाग जो उसे बाड़ से घेरने या आच्छादित करने या अन्यथा परिरक्षित करने के लिए अपेक्षित हो, तथा
(ii) उस क्षेत्र तक पहुंचने और उसके सुविधापूर्ण निरीक्षण के साधन;

(ग) "अधिनियम" से आशय प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 (1958 का 24) है;

(घ) "पुरातत्व अधिकारी" से भारत सरकार के पुरातत्व विभाग का कोई ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो सहायक पुरातत्व अधीक्षक से निम्नतर पंक्ति का नहीं है;

(ङ) "प्राधिकरण" से धारा 20च के अधीन गठित राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(च) "सक्षम प्राधिकारी" से केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार के पुरातत्व निदेशक या पुरातत्व आयुक्त की पंक्ति से अनिम्न या समतुल्य पंक्ति का ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का पालन करने के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, सक्षम प्राधिकारी के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया हो:

परन्तु केंद्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, धारा 20ग,20घ और 20ङ के प्रयोजन के लिए भिन्न भिन्न सक्षम प्राधिकारी विनिर्दिष्ट कर सकेगी;

(छ) "निर्माण" से किसी संरचना या भवन का कोई परिनिर्माण अभिप्रेत है, जिसके अंतर्गत उसमें ऊर्ध्वाकार या क्षैतिजीय कोई परिवर्धन या विस्तारण भी है, किन्तु इसके अंतर्गत किसी विद्यमान संरचना या भवन का कोई पुर्ननिर्माण, मरम्मत और नवीकरण या नालियों और जल निकास संकर्मों तथा सार्वजनिक शौचालयों- मूत्रालयों और इसी प्रकार की सुविधाओं का निर्माण, अनुरक्षण और सफाई या जनता के लिए जल के प्रदाय का उपबंध करने के लिए आशयित संकर्मों का निर्माण और अनुरक्षण या जनता के लिए विद्युत के प्रदाय और वितरण के लिए निर्माण या अनुरक्षण, विस्तारण, प्रबंध या जनता के लिये इसी प्रकार की सुविधाओं के लिए उपबंध नहीं हैं;]

(ज) "तल क्षेत्र अनुपात (एफ.ए.आर.) से आशय सभी तलों के कुल आवृत्त क्षेत्र का (पीठिका क्षेत्र) भूखंड (प्लाट) के क्षेत्रफल से भाग करके प्राप्त होने वाले भागफल से अभिप्रेत है;

तल क्षेत्र अनुपात= भूखंड क्षेत्र द्वारा विभाजित सभी तलों का कुल आवृत्त क्षेत्र;

(झ) "सरकार" से आशय भारत सरकार है;

(ञ) अपने व्याकरणिक रूपों और सजातीय पदों सहित "अनुरक्षण" के अंतर्गत हैं किसी संरक्षित संस्मारक को बाड़ से घेरना, उसे आच्छादित करना, उसकी मरम्मत करना, उसे पुनरूद्धार करना और उसकी सफाई करना, और कोई ऐसा कार्य करना जो किसी संरक्षित संस्मारक के परिरक्षण या उस तक सुविधापूर्ण पहुँच सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक है;

(ट) "स्वामी" के अंतर्गत हैं-

(i) संयुक्त स्वामी जिसमें अपनी ओर से तथा अन्य संयुक्त स्वामियों की ओर से प्रबंध करने की शक्तियॉं निहित हैं और किसी ऐसे स्वामी के हक- उत्तराधिकारी, तथा

(ii) प्रबंध करने की शक्तियों का प्रयोग करने वाला कोई प्रबंधक या न्यासी और ऐसे किसी प्रबंधक या न्यासी का पद में उत्तरवर्ती;

(ठ) "परिरक्षण" से आशय किसी स्थान की विद्यमान स्थिति को मूलरूप से बनाए रखना और खराब स्थिति को धीमा करना है;

(ड) "प्रतिषिद्ध क्षेत्र" से धारा 20क के अधीन प्रतिषिद्ध क्षेत्र के रूप में विनिर्दिष्ट क्षेत्र या घोषित किया गया कोई क्षेत्र अभिप्रेत है;]

(ढ) "संरक्षित क्षेत्र" से कोई ऐसा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अभिप्रेत है, जिसे इस अधिनियम के द्वारा या अधीन राष्ट्रीय महत्व का होना घोषित किया गया है;

(ण) "संरक्षित संस्मारक" से कोई ऐसा प्राचीन संस्मारक अभिप्रेत है, जिसे इस अधिनियम के द्वारा या अधीन राष्ट्रीय महत्व का होना घोषित किया गया है;

(त) "विनियमित क्षेत्र" से धारा 20ख के अधीन विनिर्दिष्ट या घोषित किया गया कोई क्षेत्र अभिप्रेत है;

(थ) "पुर्ननिर्माण" से किसी संरचना या भवन का उसकी पूर्व विद्यमान संरचना में ऐसा कोई परिनिर्माण अभिप्रेत है, जिसकी समान क्षैतिजीय और ऊर्ध्वाकार सीमाएँ हैं;

(द) "मरम्मत और नवीकरण" से किसी पूर्व विद्यमान संरचना या भवन के परिवर्तन अभिप्रेत हैं, किन्तु इसके अंतर्गत निर्माण या पुर्ननिर्माण नहीं होंगे।]

(2) यहां प्रयोग किए शब्द और अभिप्राय जो परिभाषित नहीं हैं उनका वही अर्थ होगा जो अधिनियम में दिया गया है।

अध्याय II

प्राचीन संस्मारक और पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 की पृष्ठभूमि

2.0 अधिनियम की पृष्ठभूमि:धरोहर उपनियमों का उद्देश्य केंद्रीय संरक्षित स्मारकों की सभी दिशाओं में 300 मीटर के अंदर भौतिक, सामाजिक और आर्थिक दखल के बारे में मार्गदर्शन देना है। 300 मीटर के क्षेत्र को दो भागों में बॉटा गया है (i) **प्रतिषिद्ध क्षेत्र,** यह क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र अथवा संरक्षित स्मारक की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में 100 मीटर की दूरी तक फैला है और (ii) **विनियमित क्षेत्र,** यह क्षेत्र प्रतिषिद्ध क्षेत्र की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में 200 मीटर की दूरी तक फैला है।

अधिनियम के उपबंधों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति संरक्षित क्षेत्र और प्रतिषिद्ध क्षेत्र में किसी प्रकार का निर्माण अथवा खनन का कार्य नहीं कर सकता जबकि ऐसा कोई भवन अथवा संरचना जो प्रतिषिद्ध क्षेत्र में 16 जून,1992 से पूर्व मौजूद था अथवा जिसका निर्माण बाद में महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की अनुमति से हुआ था, विनियमित क्षेत्र में किसी भवन अथवा संरचना निर्माण, पुर्ननिर्माण, मरम्मत अथवा नवीकरण की अनुमति सक्षम प्राधिकारी से लेना अनिवार्य है।

2.1 धरोहर उप नियमों से संबंधित अधिनियम के उपबंध: प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958, खंड 20ङ और प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष नियम (धरोहर उप नियमों का निर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य)2011,

नियम 22 में केंद्रीय संरक्षित स्मारकों के लिए उप नियम बनाना विनिर्दिष्ट है। नियम में धरोहर उप नियम बनाने के लिए मापदंडों का प्रावधान है। राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्ते तथा कार्य संचालन) नियम,2011, नियम 18 में प्राधिकरण द्वारा धरोहर उप नियमों को अनुमोदन की प्रक्रिया विनिर्दिष्ट है।

2.2 आवेदक के अधिकार और जिम्मेदारियाँ: प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, धारा 20ग,1958 में प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मरम्मत और नवीकरण अथवा विनियमित क्षेत्र में निर्माण अथवा पुनर्निर्माण अथवा मरम्मत या नवीकरण के लिए आवेदन का विवरण नीचे दिए गए विवरण के अनुसार विनिर्दिष्ट है:

(क) कोई व्यक्ति जो किसी ऐसे भवन अथवा संरचना का स्वामी है जो 16 जून,1992 से पहले प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मौजूद था अथवा जिसका निर्माण इसके उपरांत महानिदेशक के अनुमोदन से हुआ था तथा जो ऐसे भवन अथवा संरचना का किसी प्रकार की मरम्मत अथवा नवीकरण का काम कराना चाहता है, जैसा भी स्थिति हो, ऐसी मरम्मत और नवीकरण को कराने के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवेदन कर सकता है।

(ख) कोई व्यक्ति जिसके पास किसी विनियमित क्षेत्र में कोई भवन अथवा संरचना अथवा भूमि है और वह ऐसे भवन अथवा संरचना अथवा जमीन पर कोई निर्माण, अथवा पुननिर्माण अथवा मरम्मत अथवा नवीकरण का कार्य कराना चाहता है, जैसी भी स्थिति हो, निर्माण अथवा पुर्ननिर्माण अथवा मरम्मत अथवा नवीकरण के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवेदनकर सकता है।

(ग) सभी संबंधित सूचना प्रस्तुत करने तथा राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा सदस्यों की सेवा की शर्तें और कार्यप्रणाली) नियम, 2011 के अनुपालन की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

अध्याय III

नई दिल्ली स्थित केंद्रीय संरक्षित स्मारक पुराना किला की अवस्थिति

3.0 स्मारक का स्थान एवं अवस्थिति

- स्मारक 28°36’33” उत्तरी अक्षांश, 77°14’34”पूर्वी देशांतर में स्थित है।
- पुराना किला या प्राचीन किला मथुरा रोड पर हुमायूं के मकबरे से लगभग 2 किमी उत्तर में स्थित है। यह मूल रूप से यमुना नदी के दाएँ तट पर एक पथरीली सतह पर बनाया गया था। अब नदी अपना मार्ग परिवर्तित कर इससे लगभग एक किलो मीटर पूर्व की ओर बहती है।
- पुराना किला के दक्षिणी किनारे पर राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (नेशनल जूलॉजिकल पार्क) 240 एकड़ में फैला है। किले के उत्तरी भाग में प्रगति मैदान, शिल्प संग्रहालय (क्राफ्टस म्यूजियम)

और राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र (नेशनल साइंस सेंटर) तथा धार्मिक महत्व के स्थल मटकापीर और दरगाह हैं, जबकि भैरव मंदिर पुराना किला की पश्चिमी दिशा में स्थित है। खैरूल-मनाज़िल मस्जिद और लाल दरवाजा मथुरा रोड के दूसरी ओर पुराना क़िला के पश्चिमी भाग में स्थित है।

मानचित्र 1, गूगल मानचित्र पुराना किला, दिल्ली के केंद्रीय संरक्षित स्मारक का स्थान दर्शाता है

3.1 स्मारक की संरक्षित सीमा:

केंद्रीय संरक्षित स्मारक **पुराना किला** का स्थान और संरक्षित सीमाएँ संलग्नक IV में मानचित्र -1 में देखी जा सकती हैं।

3.1.1 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (ए.एस.आई.) के अभिलेख (रिकार्ड) के अनुसार अधिसूचित मानचित्र/योजना:

पुराना किला की राजपत्र अधिसूचना संख्या 9058 शिक्षा, दिनांक 19.01.1918 है।

[अधिसूचना की प्रति संलग्नक- I पर देखी जा सकती है]

3.2 स्मारकों/स्थल का इतिहास

एक प्राचीन टीले पर बना पुराना किला दिल्ली की सबसे पुरानी बसावटों में से एक है। माना जाता है कि यह स्थल, महाकाव्य महाभारत में वर्णित महान इन्द्रप्रस्थ (इन्द्रपत) को दर्शाता है।

स्थानीय परंपराएँ व किंवदंतियाँ बताती हैं कि पांडवों नें इन्द्रप्रस्थ पर छत्तीस वर्षों तक शासन किया।

बौद्ध ग्रंथों के अनुसार, यह 'युधिट्ठिल गोत्त' वाले राजाओं और बुद्ध के समय 'कोरव्य' नाम के मुखिया द्वारा शासित था। चित्रित धूसर मृदभांड के साक्ष्य स्थल संग्रह में पाए गए जो कुरू जनपद का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा 1969 से पुराना किला की खुदाई के दौरान मौर्य काल (300 ई.पू.), शुंग काल (200-100 ई.पू.), शक-कुषाण काल (100 ई.पू.—300 ई.), गुप्त काल (300-600 ई.), उत्तर गुप्त काल के साक्ष्य (700-900 ई.), पूर्व मध्य काल के साक्ष्य(900-1200 ई.)सल्तनत काल (1206-1526 ई.)और प्रारंभिक मुगल काल (1526-1556 ई.) के साक्ष्य पाए गए हैं।

तारिख-ए-फिरोजशाही (13 वीं शताब्दी) के लेखक शम्स-ए-सिराज अफीफ ने अपने उल्लेख में इंद्रप्रस्थ को परगना (जिला) का मुख्यालय बताया है। अबुल फ़ज़ल ने अपने आइन-ए-अकबरी (16 वीं शताब्दी) में कहा है कि दिल्ली,जो पुरावशेषों के महान शहरों में से एक है, को पहले इंद्रपत कहा जाता था।

सोलहवीं शताब्दी के दूसरे चरण में द्वितीय मुगल बादशाह हुमायूं नें स्वयं का एक नगर बनाने का निर्णय लिया तथा अपने किले के लिये इसी स्थल का चयन किया जो एक प्राचीन टीला था। उसने दिल्ली के छठे नगर दीनपनाह (धर्म में आस्था रखने वालों का आश्रय) की स्थापना जुलाई 1533 ई. में की। गौरतलब है की बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ तक पुराना किला के कोट के भीतर इंद्रपत नाम का गॉव था।

प्रांतीय राज्यपालों के साथ लगातार संघर्ष के कारण हुमायूं अपने निर्माण कार्यों को पूरा नहीं कर सके केवल किले की सुरक्षा दीवाल और द्वार बनवा पाए। पूर्वी भारत (बिहार और बंगाल) के शासक शेर शाह हुमायूं को 1539 और 1540 ई. में हराने के बाद दिल्ली के सम्राट बन गये। उन्होंने किले को पूरा किया, कई नई इमारतों को जोड़ा और शहर का नाम बदलकर शेरगढ़ रखा।

3.3 स्मारक का विवरण वास्तुकला विशेषताएँ, तत्व, सामग्री आदि

पुराना किला, का नियोजन आयताकार एवं अनियमित है। यह एक किलेबंदी की दीवार से घिरा है। इसके पूर्वी और पश्चिमी पक्ष क्रमशः 707 मीटर (2320 फीट) और 622 मीटर (2040 फीट) माप के हैं। तथा उत्तरी पक्ष तथा दक्षिणी पक्ष से अधिक लम्बे हैं। उत्तरी पक्ष 355 मीटर (1164 फीट) लंबा है जबकि दक्षिणी पक्ष की लंबाई 221 मीटर (725 फीट) है। लगभग 1.90 कि.मी. परिधि की किलेबंदी की दीवार है जिसमें झरोखे (विकेट) एवं दरवाजे हैं। और इसमें तीन खिड़कियॉ पूर्वी दीवार में और एक पश्चिमी दीवार में बनाई गई है जो अब बंद कर दी गई हैं। अनगढ़े पत्थरों की चिनाई से बनी दीवारों के प्रत्येक कोने में बड़े बुर्ज हैं। मूल रूप से, इन सभी दो मंजिला बुर्जों के ऊपर को पश्चिमी दरवाजे के बुर्ज की तरह छत्रियॉ थीं। किला तीन

दिशाओं से एक परिखा से घिरा हुआ था, पूर्व में यमुना नदी से जुड़ा था। इस परिखा के अवशेष अभी भी किले के उत्तर पश्चिमी भाग में देखे जा सकते हैं। किले के प्रवेश द्वारों की पहुँच मुख्य भूमि से एक चलसेतु के माध्यम से थी। उन्नीसवीं शताब्दी के अंतिम दशक में पश्चिमी दरवाजे से प्रवेश के लिए एक तटबंध और ढलान (रैंप) बनाया गया था।किले में तीन, दो मंजिला द्वार हैं जो पूर्वी दिशा को छोड़कर तीन दिशाओं में हैं। पश्चिमी ओर के द्वार को बड़ा दरवाजा के नाम से जाना जाता है जिसका उपयोग किले के प्रवेश द्वार के लिए किया जा रहा है। अन्य दो द्वार हुमायूँ दरवाजा और तलाकी दरवाजा क्रमशः दक्षिणी और उत्तरी दिशा में स्थित हैं।

पुराना किले के भीतर महत्वपूर्ण विरासत संरचनाएं निम्नलिखित हैं:

i) किला-ए-कुहना मस्जिद



किला-ए-कुहना मस्जिद का आधारभूत मानचित्र

1541 ईस्वी में शेर शाह द्वारा निर्मित किला-ए-कुहना मस्जिद भारतीय इस्लामिया (इंडो-इस्लामिक) वास्तुकला के इतिहास में एक महत्वपूर्ण एतिहासिक स्थल है। यह जामी मस्जिद के नाम से जानी जाती थी पहले जो सुल्तान और उनके शाही दरबारियों के लिए शुक्रवार की प्रार्थना करने के लिये बनी थी। लाल बलुआ पत्थर और संगमरमर के साथ निर्मित, इसमें एक आयताकार प्रार्थना हॉल (51X15 मीटर) है, जिसके अग्रभाग में पॉच मेहराब हैं।16.67 मीटर (54'7") ऊँची केंद्रीय मेहराब के किनारे पर संकीर्ण धारियों वाले भित्ति स्तंभ हैं। इन्हें विशेष रूप से सफेद और काले संगमरमर के संकेन्द्रिक मेहराबों से सजाया गया है।मेहराब की आवर्ती सतह, जिसके माध्यम से प्रवेश है, को संगमरमर और अन्य पत्थरों के जड़ाऊ कार्य से सजाया गया है और इसके शीर्ष पर एक झरोखा (ओरियल विन्डो) है। दोनों तरफ की मेहराबों को समान रूप से किंतु कम अलंकरण के साथ निर्मित किया गया है।

यह मस्जिद, लोदी से मुगल शैलियों में परिवर्तन की मिसाल देते हुए, मस्जिद के स्थापत्य के विकास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। अग्रभाग में पांच मेहराबों, झरोखों और पीछे की ओर कोने में बनी मीनारें ऐसी विशेषताएँ हैं जो पहले की मस्जिदों जैसे बड़ागुम्बद मस्जिद, मस्जिद मोठ और जमाली-कमाली मस्जिद से विकसित हुई हैं।

ii) शेर मंडल

शेरमंडल किले में महल की एकमात्र बची हुई इमारत है, ये दो मंजिला अष्टकोणीय संरचना तिमुरिद-सफाविद मंडप के प्रकार का प्रतिनिधित्व करती है। शेर मंडल का अधिकतम व्यास 15.84 मीटर (52 फीट) है और यह इमारत लगभग 18.28 मीटर (60 फीट) ऊँची है। यह दो मंजिला इमारत 1.21 मीटर (4 फीट) ऊँची पीठिका पर खड़ी है और लाल बलुआ पत्थरों से बनी है जो संगमरमर के द्वारा अलंकृत है। इसका निर्माण शेर शाह ने 1541 ईस्वी में आनंद मंडप के रूप में कराया था। 1555 में दिल्ली पर कब्जा करने के बाद हुमायूं ने इसे अपने पुस्तकालय के रूप में इस्तेमाल किया था और यहीं पर 1556 ईस्वी में हुमायूं की गिरकर मृत्यु हो गई थी। एक अष्टकोणीय छतरी इस मीनार (टावर) के ऊपर निर्मित है।



शेर मंडल का आधारभूत मानचित्र



ऊपरी मंजिल के क्रूसिफ़ॉर्म आंतरिक भाग संयोजित है जो इस प्रकार संबंधित है कि अक्षीय मार्ग द्वारा बाहरी आठ में से चार आलों से वाल्ट की मेहराबदार जाली भी तिमुरिद शैली एक परिभ्रमण पथ बनाते हैं। आंतरिक गुंबद और पत्थर से आच्छादित है और इसके ऊपर एक छतरी की प्रेरणा है। संरचना स्थानीय लाल बलुआ भारतीय (सल्तनत) वास्तुकला का एक विशिष्ट लक्षण है। (छोटे गुम्बद वाले कियोस्क) है, जो

iii) बावड़ी

मस्जिद के दक्षिण-पश्चिम की ओर एक बड़ी बावड़ी स्थित है। चूंकि किला ऊँची जमीन पर बना था, अतः भूजल स्तर काफी नीचे था। इसलिए, किले के लिए पानी की सुविधा प्रदान करने के लिए बावड़ी का निर्माण किया गया था। इसकी छत का निर्माण घटती मेहराबों की एक श्रृंखला में किया गया था। इसकी नवासी सीढ़ियाँ और आठ अवतरण (लैंडिंग) हैं। इसका उत्तरी सिरा घटती मेहराबों की श्रंखला के साथ एक गोलाकार कुएं में समाप्त हो जाता है।





बावड़ी का आधारभूत मानचित्र

iv हमाम



हमाम का आधारभूत मानचित्र

लखौरी ईंटों से बना एक हमाम शेर मंडल के दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर स्थित है। यह अब जर्जर अवस्था में है। कई वर्षों से यह अन्य संरचनाओं द्वारा आवृत्त था और यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा 1913 में इंद्रपत गॉव की सफाई और स्थल के संरक्षण कार्य के दौरान प्रकाश में आया था। पकी मिट्टी की नलिका (टेराकोटा पाइप) और पानी के शूट के अवशेष अभी भी लगभग 3.20 मीटर (10'5 ") वर्ग कक्ष के आसपास देखे जा सकते हैं। यह एक वर्गाकार इमारत है जिसका निर्माण लखौरी ईंटो से किया गया था। मिट्टी की पाइपों जिनका उपयोग मुख्यत: हमाम में पानी लाने के लिये किया जाता था, उन्हें अब भी कई स्थानों में देखा जा सकता है। हमाम के आंतरिक भाग की दीवार में पानी का एक शूट है।

v) हुमायूं गेट



हुमॉयूं गेट का आधारभूत मानचित्र

हुमायूं गेट, पुराना किला का दक्षिणी दरवाजा है जो राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (नेशनल जूलाजिकल पार्क) और हुमायूं के मकबरे की ओर है। यह दो मंजिला प्रवेश द्वार लाल बलुआ पत्थरों से बना है। इसके किनारों पर दो अर्ध-गोल बुर्ज हैं और इसे सफेद संगमरमर से अलंकृत किया गया है।

vi) तलाकी दरवाजा

तलाकी दरवाजा पुराना किला का उत्तरी द्वार है और इसे किले के सबसे आकर्षक हिस्सों में से एक माना जाता है। तलाकी दरवाजा का अर्थ है मिलन दरवाजा। हालाँकि, इसे आम तौर पर "निषिद्ध द्वार" (जिससे प्रवेश की मनाही है) कहा जाता है। यह बुलंद दरवाजा, लाल और धूसर बलुआ पत्थरों से बना है। यह 17 मीटर (56'2) ऊँचा और 4.54 मीटर (14'9 ") चौड़ा है।



तलाकी दरवाजा का आधारभूत मानचित्र

vii) बड़ा दरवाजा



बड़ा दरवाजा, जो अब पुराना किला का एकमात्र प्रवेश द्वार है, 1533-34 ई. में बनाया गया था। इसमें एक ऊँची सड़क के माध्यम से पहुँचा जा सकता है जो मथुरा रोड के सामने है। बड़ा दरवाजा तक वर्तमान पहुँच मार्ग का निर्माण केवल 1900 के प्रारंभ में किया गया था, इससे पहले चलसेतु के माध्यम से परिखा को पार करके पुराना किला के अंदर पहुँचा जाता था।

बड़ा दरवाजा का आधारभूत मानचित्र

बड़ा दरवाजा एक तीन मंजिला संरचना है जिसमें दो बड़े अनगढ़ित पत्थर (रबल मैशनरी) से बने बुर्ज हैं। बुर्जों में जड़ाऊ काम, नक्काशी और टाइल के काम द्वारा अलंकरण (उनमें से एक में एक छतरी है और शीर्ष पर एक छोटा गुंबददार स्तंभित मंडप है) किया गया है। दरवाजा गहरे

लाल बलुआ पत्थरों से जड़ा हुआ है, जिसमें सफेद और धूसर काला संगमरमर है। बड़ा दरवाजा के मुख्य मेहराब के दोनों ओर दो छः-कोणों वाले तारे जड़े हुए हैं। दरवाजे की दूसरी मंजिल में तीन खुले भाग हैं, जिनमें से बाहरी दो भाग में झरोखे (ओरियल विन्डो) हैं जिनमें नीले और हरे रंग का टाइल का काम किया गया है। दरवाजे के निकट बुर्ज के ऊपर छतरी पर समान टाइल का काम देखा जा सकता है। अंदर के वाल्टेड कमरों को कभी गार्डरूम की तरह इस्तेमाल किया जाता था।



3.4 वर्तमान स्थिति

3.4.1 स्मारक की स्थिति – स्थिति का मूल्यांकन

स्मारक परिरक्षण की अच्छी स्थिति में है। स्मारक और उसके आसपास की हाल की तस्वीरों को संलग्नक-II में देखा जा सकता है।

3.4.2 दैनिक पदार्पण व कभी – कभार जुटने वाली भीड़:

पुराना किला प्रवेश शुल्क देय स्मारक है, लगभग 7241 अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक और 10,22,774 घरेलू पर्यटक सालाना इस स्मारक को देखने आते हैं।

अध्याय IV

स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में, यदि कोई है, तो विद्यमान क्षेत्रीयकरण

4.0 स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में विद्यमान क्षेत्रीकरण

स्मारक के स्थान का आसपास के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है और इसे मुख्य योजना (मास्टर प्लान) और शहर की क्षेत्रीय योजनाओं में महत्व दिया गया है। मुख्य योजना (मास्टर प्लान) 2021 इस क्षेत्र को दिल्ली के छह विरासत क्षेत्रों में से एक के रूप में नामित करता है और पुराना किला दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा इंद्रप्रस्थ पुरातत्व पार्क का एक हिस्सा है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय नियोजन (जोनल प्लान) डी में 52 स्मारकों की सूची है। पुराना किला/प्राचीन किला, सूची में 52 स्मारकों में से एक है। पुराना किला दिल्ली नगर निगम के वार्ड नंबर 55-S में स्थित है।

[वार्ड नंबर 55 S और क्षेत्रीय नियोजन (जोनल प्लान) डी को -मानचित्र 4 और 5 पर संलग्नक IV में देखा जा सकता है]

4.1 'दिल्ली मुख्य योजना (मास्टर प्लान)''2021 के वर्तमान दिशा निर्देश-संलग्नक– I में देखे जा सकते हैं।

अध्याय V

प्रथम अनुसूची, और टोटल स्टेशन सर्वेक्षण के अनुसार सूचना

5.0 किले की समोच्च योजना(कंटूर प्लान)

पुराना किला के सर्वेक्षण मानचित्र और समोच्च मानचित्र को संलग्नक -4 के क्रमशः मानचित्र - 2 और मानचित्र -3 में देखा जा सकता है।

5.1 सर्वेक्षण किए गए विवरणका (डाटा) का विश्लेषण:

5.1.1 प्रतिषिद्ध क्षेत्र और विनियमित क्षेत्र का विवरण:

- स्मारक का कुल संरक्षित क्षेत्र **203,164.333 वर्ग मीटर है।**
- स्मारक का कुल प्रतिषिद्ध क्षेत्र **224,398.189 वर्ग मीटर है।**
- स्मारक का कुल विनियमित क्षेत्र **634,846.554 वर्ग मीटर है।**

5.1.2 निर्मित क्षेत्र का विवरण

संरक्षित क्षेत्र

- पुराना किला संग्रहालय, प्रकाशन बिक्री केन्द्र और सार्वजनिक सुविधाऐं स्मारक की संरक्षित सीमा के अंदर स्थित हैं।
- कुंती देवी मंदिर दक्षिण-पश्चिम दिशा में स्मारक के संरक्षित क्षेत्र के अंदर स्थित है।
- नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन (एन.बी.सी.सी.) सरंक्षित क्षेत्र में एक व्याख्या केंद्र और एक सुविधा खण्ड का निर्माण कर रहा है।

प्रतिषिद्ध क्षेत्र

- दक्षिण-पूर्व दिशा में पुराना किला की परिखा को वर्ष 1971-72 में एक नौका विहार स्थल के रूप में पुर्नविकसित किया गया।

- भैरों मंदिर या किलकारी बाबा भैरव नाथ मंदिर पूर्व दिशा में प्रगति मैदान के सामने, पुराना किला के बाहर स्थित है।
- मथुरा रोड और भैरों मार्ग का एक हिस्सा, उत्तर दिशा में प्रतिषिद्ध क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

विनियमित क्षेत्र

उत्तर दिशा

- मटका पीर मस्जिद, मथुरा रोड पर फुट ओवर ब्रिज, प्रगति मैदान का एक भाग, भैरो मार्ग इस दिशा में हैं।
- अनाधिकृत/अतिक्रमित जे.जे.कॉलोनी (जे.जे.कॉलोनी द्वारा आवृत्त किया गया कुल क्षेत्र 5968.108 वर्ग मीटर) है, जे.जे.कॉलोनी के पास रेलवे लाइन, प्राणी उद्यान (जूलॉजिकल पार्क) और नाले का एक हिस्सा भी इस दिशा में मौजूद है।

उत्तर- पूर्व दिशा

- नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन (एन.बी.सी.सी.) भैरो मार्ग के सामने नया निर्माण कार्य कर रही है जो इस दिशा में विनियमित क्षेत्र के अंतर्गत आता है।
- प्रगति मैदान, दिल्ली परिवहन निगम (डी.टी.सी.) प्रगति मैदान बस टर्मिनल, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विश्रांतिका (लाउंज), राष्ट्रीय हस्तशिल्प और हथकरघा संग्रहालय और राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र इस दिशा में स्थित है।
- इस दिशा में प्रगति मैदान के पुर्नविकास की परिकल्पना दो चरणों में की गई है। चरण-1 पुनर्विकास, मई 2019 तक पूरा होने की उम्मीद है जिसमें 7,000 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाला एक सम्मेलन केन्द्र (कन्वेंशन सेंटर) का निर्माण शामिल है।

पूर्व दिशा

- इस दिशा में, भैरो मार्ग पर श्री शीतला चंडी काली प्राचीन मंदिर, विनियमित क्षेत्र में है।

दक्षिण दिशा

- राष्ट्रीय प्राणी उद्यान का अधिकतर हिस्सा इस दिशा में स्थित है।
- रेलवे ट्रैक भी इसी दिशा में स्थित है।

दक्षिण- पश्चिम दिशा

- सुंदर नगर आवासीय क्षेत्र का कुछ हिस्सा इस दिशा में स्थित है
- टिकट काउंटर, चिड़ियाघर प्रशासनिक भवन, पर्यटकों के लिए पार्किंग क्षेत्र और एक कैंटीन भी इस दिशा में स्थित हैं।

पश्चिम दिशा

- खैरूल-मनाज़िल मस्जिद और शेरशाह गेट (केंद्रीय संरक्षित स्मारक) का एक हिस्सा, मथुरा रोड के सामने, पुराना किला के विनयमित क्षेत्र में स्थित है।

उत्तर- पश्चिम दिशा

- मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम और इसका स्विमिंग पुल इसी दिशा में स्थित है।

5.1.3 हरित/खुले स्थलों का विवरण

संरक्षित क्षेत्र

पुराना किला का संरक्षित क्षेत्र, 90% खुली जगह है जिसमें अच्छी करीने (मैनीक्योर) से बने परिदृश्य उद्यान (लैंडस्केप गार्डेन) शामिल हैं, जिन्हें पिकनिक स्पॉट के रूप में जनता उपयोग करती है। इस स्थान का उपयोग पर्यटन विभाग द्वारा ध्वनि एवं प्रकाश कार्यक्रम (लाइट और साउंड शो) के लिए भी किया जाता है।

प्रतिषिद्ध क्षेत्र

- स्मारक की पश्चिम दिशा में, पुराना किला झील का एक हिस्सा मौजूद है।
- प्राणी उद्यान का एक हिस्सा पुराना किला के दक्षिण-पश्चिम दिशा में प्रतिषिद्ध क्षेत्र में स्थित है।

विनियमित क्षेत्र

पश्चिम दिशा

- चिड़ियाघर की पार्किंग, कैंटीन के पास बगीचे की जगह, झील और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ए.एस.आई.) के कर्मचारियों के लिये पार्किंग के साथ घनी रोपित प्रतिरोधी क्षेत्र (बफर ज़ोन) इस दिशा में मौजूद हैं।

दक्षिण-पश्चिम दिशा

- प्राणी उद्यान का एक हिस्सा इस दिशा में स्थित है जो इस क्षेत्र को भारी प्रतिरोधी क्षेत्र (बफर जोन) बनाता है। प्राणी उद्यान के अंदर इस क्षेत्र में दो प्राकृतिक झीलें भी मौजूद हैं।
- सुंदर नगर आवासीय क्षेत्र की ओर, इस दिशा में सार्वजनिक पार्क है।

उत्तर-पूर्व दिशा

- इस दिशा में प्रगति मैदान हॉल संख्या 2,3,4,5 के परिदृश्य उद्यान हैं।

दक्षिण-पूर्व दिशा

- राष्ट्रीय प्राणी उद्यान का एक हिस्सा इस दिशा में स्थित है।

उत्तर दिशा

- ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम के खुले स्थान और इसका बस स्टॉप इस दिशा में स्थित है।

5.1.4 परिसंचरण सड़कों, पैदलपथों (फुटपाथ्स) आदि के अंतर्गत आवरणक्षेत्र

I सड़क

यहाँ पर दो प्रकार की सड़कें हैं- डामर (बिटुमेन) और आर.सी.सी. सड़कें।

क) डामर (बिटुमेन) सड़क

i. डामर (बिटुमेन) रोड द्वारा आवृत्त किया गया कुल संरक्षित क्षेत्र 4833.612 वर्ग मीटर है।

ii. डामर (बिटुमेन) रोड द्वारा आवृत्त किया गया कुल प्रतिषिद्ध क्षेत्र 19390.747 वर्ग मीटर है।

iii. डामर (बिटुमेन) रोड द्वारा आवृत्त किया गया कुल विनियमित क्षेत्र 58893.268 वर्ग मीटर है।

ख) आर.सी.सी. सड़कें

i. आर.सी.सी. रोड द्वारा आवृत्त किया गया कुल संरक्षित क्षेत्र 6139.565 वर्ग मीटर है।

ii. आर.सी.सी. रोड द्वारा आवृत्त किया गया कुल प्रतिषिद्ध क्षेत्र 660.230 वर्ग मीटर है

iii. आर.सी.सी. रोड द्वारा आवृत्त किया गया कुल विनियमित क्षेत्र 5012.724 वर्ग मीटर है।

II पैदलपथ (फुटपाथ)

i. पैदलपथ (फुटपाथ) द्वारा आवृत्त किया गया कुल संरक्षित क्षेत्र 1203.326 वर्ग मीटर है।

ii. पैदलपथ (फुटपाथ) द्वारा आवृत्त किया गया कुल प्रतिषिद्ध क्षेत्र 6802.221 वर्ग मीटर है

iii. पैदलपथ (फुटपाथ) द्वारा आवृत्त किया गया कुल विनियमित क्षेत्र 7159.322 वर्ग मीटर है।

5.1.5 इमारतों की ऊँचाई क्षेत्रवार (जोनवाइज)

- पूर्व: अधिकतम ऊँचाई 18.5 मीटर (राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र) है।
- पश्चिम: अधिकतम ऊँचाई 21.0 मीटर (खैरूल-मनाजिल मस्जिद) है।
- उत्तर: अधिकतम ऊँचाई 06.0 मीटर (मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम) है।
- दक्षिण: अधिकतम ऊँचाई 09.69 मीटर (सुंदर नगर आवासीय क्षेत्र) है।

5.1.6 प्रतिषिद्ध /विनियमित क्षेत्र के भीतर राज्य संरक्षित स्मारक और यदि उपलब्ध हो तो स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा सूचीबद्ध भवन:

दिल्ली सरकार के एन.सी.टी. के पुरातत्व विभाग के अनुसार, निम्नलिखित संरचनाएँ संरक्षित हैं:

1. अज़ीमगंज की सराय (राष्ट्रीय प्राणी उद्यान के अंदर)
2. मकबरा (राष्ट्रीय प्राणी उद्यान के अंदर)
3. मकबरा (चिम्पांजी गुफा के पास राष्ट्रीय प्राणी उद्यान के अंदर)

5.1.7 जन सुविधाएँ:

पुराना किला पर प्रकाश व्यवस्था (इलूमिनेशन), ध्वनि एवं प्रकाश कार्यक्रम (लाइट एंड साउंड शो), शौचालय, पीने का पानी, ढलाव (रैंप), सांस्कृतिक सूचना बोर्ड, सार्वजनिक सूचना बोर्ड, ब्रेल, वाई-फाई आदि सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

5.1.8 स्मारक तक पहुँच:

I हवाई अड्डे

- पुराना किला से दिल्ली आई.जी.आई. हवाई अड्डा (टर्मिनल1) की कुल दूरी 16.4 कि.मी. है।
- पुराना किला से दिल्ली हवाई अड्डा (टर्मिनल3) की दूरी 20.7 कि.मी. है।
- पुराना किला से दिल्ली हवाई अड्डा (टर्मिनल2) की दूरी 22.9 कि.मी. है।

II रेलवे

- निकटतम रेलवे स्टेशन हजरत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन (5.2 किमी) है।
- दिल्ली रेलवे स्टेशन (5.7 कि.मी.), पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन (10.2 कि.मी.), दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन (10.3 कि.मी.), दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन (10.9 कि.मी.) और दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन (15.2 कि.मी.) अन्य रेलवे स्टेशन हैं।

III मेट्रो स्टेशन

- पुराना किला के लिए निकटतम मेट्रो स्टेशन प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन है। प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन से पुराना किला की दूरी 2.2 कि.मी. है। इंद्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन और पुराना किला के बीच की दूरी 2.8 कि.मी.है।

IV बसें

- निकटतम बस टर्मिनल सराय काले खान बस टर्मिनल (8.2 कि.मी.), आई.एस.बी.टी. आनंद विहार (11.3 कि.मी.) और आई.एस.बी.टी. कश्मीरी गेट (13.2 कि.मी.) हैं।
- दिल्ली परिवहन निगम नियमित रूप से पुराना किला के लिए बसों का संचालन करता है।

V स्थानीय परिवहन

- पर्यटक परिवहन के विभिन्न साधनों के माध्यम से पुराने किले का दौरा कर सकते हैं। किले तक पहुँचने के लिए वे ऑटो रिक्शा, टैक्सी और स्थानीय बसों का उपयोग कर सकते हैं।
- ऑटो रिक्शा और कैब सेवाएँ दिल्ली में आसानी से उपलब्ध हैं।

VI सड़कों द्वारा

- मथुरा रोड द्वारा (एन.एच. 2) और (एन.एच. 44)
- भैरों मार्ग द्वारा

5.1.9 अवसंरचनात्मक सुविधाएं जल आपूर्ति), वर्षा के पानी की निकासी, मल प्रवाह, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पार्किंग आदि:

किला परिसर के अंदर जल वितरण, पार्किंग,मल प्रवाह पद्धति संयंत्र (सीवेज प्लान्ट), शौचालय, जल शोधन संयंत्र, (वाटर ट्रीटमेंट प्लान्ट) वाटर कूलिंग मशीन, वाटर टैंक, गार्ड रूम, पंप हाउस, लाइब्रेरी आदि उपलब्ध हैं।

5.1.10 स्थानीय निकायों के दिशा निर्देशों के अनुसार क्षेत्र के प्रस्तावित क्षेत्रीकरण (जोनिंग)

पुराना किला दिल्ली मुख्य योजना 2021 की क्षेत्र-वार्ड D क्रमांक 55-S के अंतर्गत आता है।

अध्याय VI

स्मारक का स्थापत्य, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व

6.0 स्थापत्य, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व

एक प्राचीन टीले पर बना पुराना किला दिल्ली की सबसे पुरानी बसावटों में से एक है। माना जाता है कि यह स्थल, महाकाव्य महाभारत में वर्णित महान इन्द्रप्रस्थ (इन्द्रपत) को दर्शाता है। वर्षों से हुई विभिन्न पुरातात्विक खुदाइयों ने मौर्यकाल से प्रारंभिक मुगल काल तक निरंतर स्तरीकरण दिखाया है। पुराना किला की योजना अनियमित एवं आयताकार है, जिसके चारों ओर किलेबंदी है। किलेबंदी और दरवाजों के निर्माण का श्रेय हुमायूं को दिया जाता है, जबकि पुराना किला के अंदर मौजूद अधिकांश संरचनाओं को शेरशाह सूरी ने बनाया है।

किला तीन दिशाओं से एक परिखा से घिरा हुआ था, पूर्व में यमुना नदी से जुड़ा था। इस परिखा के अवशेष अभी भी किले के उत्तर पश्चिमी भाग में देखे जा सकते हैं। किले के प्रवेश द्वारों की पहुँच मुख्य भूमि से एक चलसेतु के माध्यम से थी। पुराना किला में लाल बलुआ पत्थर से निर्मित तीन दो मंजिला आलीशान द्वार हैं जो तीन दिशाओं में हैं। पश्चिमी ओर के द्वार को बड़ा दरवाज़ा (मथुरा रोड के सामने) के रूप में जाना जाता है, जिसका उपयोग वर्तमान में किले के प्रवेश द्वार के लिए किया जा रहा है। अन्य दो द्वार, हुमायूँ दरवाजा और तलाकी दरवाजा क्रमशः दक्षिणी और उत्तरी दिशा में स्थित हैं।

6.1 स्मारक की संवेदनशीलता (अर्थात विकासात्मक दबाव, शहरीकरण, जनसंख्या दबाव, आदि)।

स्मारक परिखा क्षेत्र (शेष भाग को झील के रूप में विकसित किया गया है) से घिरा हुआ है, राष्ट्रीय प्राणी उद्यान और राष्ट्रीय प्राणी उद्यान के अंदर दो झील वनस्पति और जल निकायों की

एक मोटे प्रतिरोधी क्षेत्र को शहरीकरण और विकास के दबाव से सुरक्षित किया जाना चाहिए। । सुंदर नगर और जे.जे. कॉलोनी का कुछ भाग स्मारक के आसपास के क्षेत्र में एकमात्र आवासीय क्षेत्र हैं, जिससे यह क्षेत्र कम आबादी वाला है।

6.2 संरक्षित स्मारक अथवा क्षेत्र से दृश्यता और विनियमित क्षेत्र से दृश्यता:

पुराना किला एक ऊँचे टीले पर स्थित है और इसलिए, आसपास के अधिकांश क्षेत्र स्मारक से दिखाई देते हैं और स्मारक स्वयं प्रगति मैदान, मथुरा रोड और भैरों मार्ग से दिखाई देता है।

6.3 भूमि के उपयोग की पहचान

दिल्ली मुख्य योजना (मास्टर प्लान) 2021 के अनुसार, स्मारक के आसपास के अधिकांश क्षेत्र मनोरंजन भूमि उपयोग के अंतर्गत आते हैं जिसमें स्मारक तथा राष्ट्रीय प्राणी उद्यान भी शामिल हैं। सुंदर नगर आवासीय भूमि उपयोग के अंतर्गत आता है और प्रगति मैदान सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक भूमि उपयोग के अंतर्गत आता है।

6.4 संरक्षित स्मारकों के अतिरिक्त पुरातात्विक धरोहर अवशेष:

1955 में, पुराना-किला के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में हुई खुदाई में चित्रित धूसर मृदभांड के ठीकरे पाए गए, जो महाभारत के स्थल से संबंधित थे। जिनकी तिथि एक हजार ई. पू. मानी गई है ऐसे विशिष्ट मृदभांडों की प्राप्ति यहाँ पांडवों की राजधानी इंद्रप्रस्थ होने का संकेत देती है। 1969 में उत्खनन पथ के किनारे पूर्वी द्वार में स्थित जल द्वार तक फिर से शुरू किया गया और 1973 तक चला मौर्य काल से प्रारंभिक मुगल काल तक एक सतत् स्तरीकरण प्राप्त हुआ। चित्रित धूसर मृदभांड (पी.जी.डब्लयू) के अवशेष बाद के जमाव में कहीं कहीं मिले हैं। मौर्य काल (300 ई.पू.) के साक्ष्य उत्तरी काला ओपदार मृदभांड जो ओपदार सतह लिये हुये कड़ा मृदभांड होता है, आहत सिक्के, मानव तथा पशु टेराकोटा की मूर्तियाँ, अभिलिखित टेराकोटा की सील द्वारा प्रमाणित होते है। मृत्तिका वलय से आच्छादित सोख्ता कुएँ एवं जली हुई ईंटे भी प्राप्त हुई हैं यद्यपि अधिकांश आवास मिट्टी की ईंटों या ठाठ या लिपाई के बने हैं, लकड़ी के स्तंभो से सुद्रढ़ किया गया है।

शुंग काल (200-100 ई.पू.) के दौरान उत्तरी काला ओपदार मृदभांड सादे लाल मृदभांडों के साथ प्रचलित रहा। अनगढ़ित पत्थरों की नींव पर स्थानीय अनगढ़ित पत्थरों या मिट्टी की ईंटों द्वारा मकानों को बड़े पैमाने पर बनाया गया था। मिट्टी को अच्छी तरह कूटकर एवं मिट्टी की ईंटों से फर्श को बनाया गया था। इस काल की विशिष्ट कला, जो लोगों की धार्मिक मान्यताओं को दर्शाती है, उनका चित्रण छोटी टेराकोटा तख्तियों (प्लेक्स) से, अर्ध-दैवीय सत्ता (यक्ष और यक्षणियों) का प्रतिरूपण (मॉडलिंग) होता है। मथुरा के राजाओं के बिना लेख वाले सिक्के और टेराकोटा मुद्रांक भी इन स्तरों में पाए जाते हैं।

मुद्रांकित सजावट अगले शक-कुषाण काल के लाल मिट्टी के बर्तन को चिह्नित करती है (100 ई.पू.-300ई.) इस अवधि के कालक्रम का ठोस प्रमाण यौधेय और कुषाणों की ताँबे की मुद्राओं द्वारा प्रदान किया गया है। पकी हुई ईंटों का बढ़ता उपयोग अब बसावट को शहरी रूप देता है।

आश्चर्यजनक रूप से, अगले गुप्त काल के स्तरों में (300-600 ई.) जिन घरों के अवशेष प्राप्त हुये है, वे ईंटों के टुकड़ों से बने हैं। एक सोना चढ़ाया हुआ सिक्का जिसके अग्रभाग मे धर्नुधर का अंकन एवं पृष्ठ भाग में श्री- विक्रम अभिलेख है नि:संदेह गुप्त शासकों से संबंधित है। अभिलिखित मुहरों और खूबसूरती से तैयार मानव मूर्तियॉ इस अवधि की अन्य विशिष्ट वस्तुएं हैं। लाल मिट्टी के बर्तन, टेराकोटा की मूर्तियॉ और सुंदर किन्तु खंडित प्रस्तर की मूर्तियॉ उत्तर गुप्तकाल (700-800 ई.) के दौरान स्थल पर बसावट के संकेत देती हैं।

राजपूत काल के अंत में (900-1200 ई.) में एक विशाल अनगढ़ित पत्थरों की दीवार खड़ी की गई थी, जो कि नगर के एक हिस्से को घेरती थी। हालाँकि मकानों का निर्माण अनगढ़ित पत्थरों, ईंटों के टुकड़ों- और मिट्टी की ईंटों से किया जाता रहा। मृदभांडों में कुछ विशिष्ट बदलाव नहीं आया था। सामंत देव सहित बैल और घुडसवार प्रकार के सिक्के भी इन स्तरों से प्राप्त किए गए हैं।

इसके पश्चात सल्तनत शासन (1206-1526) के दौरान, अनगढ़ित पत्थरों और ईंटों के टुकडों का इस्तेमाल साधारण घरों के लिए किया जाता था। यह काल मध्य एशिया तथा स्थानीय निर्माताओं द्वारा काचित बर्तनों के प्रारंभ का प्रमाण देता है। बलबन (1266-1286) और मुहम्मद बिन तुगलक (1325-51) के सिक्के इन स्तरों में पाए गए हैं। प्रारंभिक मुगल काल (1526-1556) की विशिष्ट और आकर्षक वस्तुएं, एक अवशिष्ट ढेर से मिली थीं जो बाबर, सूर और हुमायूँ के शासन काल का प्रतिनिधित्व करती हैं। अंड कवच से पतला धूसर मृदभांड (ग्रे वेयर) के जार,काचित बर्तन और चित्रित चीनी मिट्टी के बर्तन, जिनमें से एक 'चीनी चेंग हुआ युग (1465-87) के महान मिंग राजवंश में बनाया गया' अभिलेख है। एक अन्य टुकड़े पर एक परी कथा चीनी कविता में अंकित है। अन्य दिलचस्प वस्तुओं में कांच की शराब की बोतलें, पन्ना और मोती के साथ सोने की एक कान की बाली और आदिल शाह सूर (1552-53) का एक सिक्का शामिल था।

6.5 सांस्कृतिक परिदृश्य:

किला तीन तरफ से एक परिखा से घिरा हुआ था, जो पूर्व में यमुना नदी से जुड़ी थी, जो इस सांस्कृतिक परिदृश्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी। हालांकि, यमुना नदी अब अपने तट को स्थानांतरित कर चुकी है और परिखा के अवशेष पश्चिम दिशा में एक झील के रूप में विकसित हैं।

6.6 महत्वपूर्ण प्राकृतिक परिदृश्य जो सांस्कृतिक परिदृश्य का हिस्सा हैं और पर्यावरण प्रदूषण से स्मारक की रक्षा करने में भी मदद करते हैं:

स्मारक परिखा क्षेत्र (अब एक झील के रूप में विकसित किया गया है) से घिरा हुआ है, राष्ट्रीय प्राणी उद्यान और राष्ट्रीय प्राणी उद्यान के अंदर दो झीलें हैं जो वनस्पति और जल निकायों की एक मोटे प्रतिरोधक के साथ प्राकृतिक परिदृश्य का निर्माण करती हैं जो पर्यावरण प्रदूषण से स्मारक की रक्षा करती है।

6.7 खुले स्थान का उपयोग और निर्माण-कार्य:

पुराना किला का संरक्षित क्षेत्र 90% खुला स्थान है ,जिसमें करीने से सँवारा हुआ परिदृश्य उद्यान (लैंडस्केप गार्डेन) शामिल हैं, जिन्हें पिकनिक स्पॉट के रूप में जनता द्वारा उपयोग किया जाता है। इस स्थान का उपयोग पर्यटन विभाग द्वारा लाइट एंड साउंड शो के लिए भी किया जाता है। पुराना किला की झील, राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (नेशनल जूलॉजिकल पार्क), प्रगति मैदान के परिदृश्य उद्यान (लैंडस्केप गार्डन), ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम और सुंदर नगर में एक सार्वजनिक पार्क स्मारक के संरक्षित, प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों में खुले स्थानों को दर्शाता है।

6.8 परंपरागत, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कार्यकलाप

पर्यटन विभाग हर शाम प्रकाश एवं ध्वनि कार्यक्रम (लाइट एंड साउंड शो) का आयोजन करता है, जो हिंदी और अंग्रेजी में पुराना किला के इतिहास को प्रदर्शित करता है।

सर्दियों में, पुराना किला के परिसर में गज़ल व संगीतमय संध्याएँ भी आयोजित की जाती हैं।

6.9 स्मारक और विनियमित क्षेत्रों से दिखाई देने वाला क्षितिज:

स्मारक से स्पष्ट क्षितिज दिखाई देता है और स्मारक भी विनियमित क्षेत्र से दिखाई देता है।

6.10 स्थानीय वास्तुकला:

स्मारक के आसपास के परिवेश में किसी भी प्रकार की क्षेत्र विशेष वास्तुकला की कोई भी प्रचलित विशेषता नहीं देखी गई है।

6.11 स्थानीय प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध विकासात्मक योजना

दिल्ली मुख्य योजना (मास्टरप्लान) 2021 के अनुसार, क्षेत्रीय विकास योजना की तालिका 2 में उप-क्षेत्र- D7 के रूप में पुराना किला को मई, 1981 में अधिसूचित किया गया था।

6.12 भवन संबंधी पैरामीटर:

(क) स्थल पर निर्माण की ऊंचाई (सभी समावेशित):

स्मारकों के विनियमित क्षेत्र में किसी भी प्रकार की सभी संरचनाओं की ऊंचाई 18 मीटर तक सीमित होगी।

(ख) तल क्षेत्र:दिल्ली मुख्य योजना, 2021 (एमपीडी) के अनुसार।

(ग) उपयोग:-दिल्ली मुख्य योजना, 2021 (एमपीडी) के अनुसार।

(घ) भवन के प्रवेश की बनावट (फसाड डिजाइन): -

- लूवर के साथ निरंतर खिड़कियों की अनुमति नहीं होगी।
- सड़क के अथवा सीढ़ियों के सामने कॉच के अग्रभाग की अनुमति नहीं होगी।

(ड.) छत की बनावट: -

क्षेत्र में समतल छत की डिजाइन का पालन किया जाना है।

- भवन की छत पर संरचनाएँ, यहाँ तक कि अस्थायी सामग्री जैसे एल्यूमीनियम, फाइबर ग्लास, पॉली कार्बोनेट या इसी तरह की सामग्री का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- छत पर सभी सेवाओं जैसे कि एक बड़ी एयर कंडीशनिंग यूनिट, पानी की टंकी या बड़े जनरेटर सेट पर दीवाल के आवरण (ईंट/सीमेंट की शीट आदि) का उपयोग किया जाना चाहिये।

(च) इमारत सामग्री:-

- स्मारक के 100 मीटर के दायरे में गलियों की ओर बने सभी भवनों के अग्रभागों में सामग्री और रंग में समरूपता होनी चाहिये। आधुनिक सामग्री जैसे कि एल्यूमीनिय मक्लैडिंग, ग्लास ईंट, और किसी भी अन्य सिंथेटिक टाइल या सामग्री को बाह्य परिष्करण की अनुमति नहीं होगी।
- पारंपरिक सामग्री जैसे ईंट, सीमेंट प्लास्टर और पत्थर का उपयोग किया जाना चाहिए।

(छ) रंग:- स्मारकों के साथ सामंजस्य में बाहरी रंग का प्रयोग न्यूट्रल टोन में किया जाना चाहिए।

6.13 :- पर्यटक सुख- सुविधाएं

पुराना किला में व्याख्या केंद्र,कैफेटेरिया,स्मारिका शॉप,दृश्य श्रव्य केंद्र की सुविधाएँ होनी चाहिये।

अध्याय VII

स्थल विशिष्ट संस्तुतियाँ

7.0 स्थल विशिष्ट अन्य संस्तुति।

- पर्यटकों के लिए पीने के पानी, डस्टबिन और शौचालय की सुविधा बढ़ाई जानी चाहिए।
- व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा सकता है।
- निर्धारित मानकों के अनुसार दिव्यांगजनों के लिए प्रावधान प्रदान किए जाएँगे।
- इस क्षेत्र को प्लास्टिक और पॉलिथीन मुक्त क्षेत्र के रूप में घोषित किया जाएगा।

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CULTURE
National Monuments Authority

In exercise of the powers conferred by section 20 E of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1958 read with Rule (22) of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains (Framing of Heritage Bye- laws and Other Functions of the Competent Authority) Rule, 2011, the following draft Heritage Bye-laws for the Centrally Protected Monuments "Purana Qila", prepared by the Competent Authority and in consultation with the the Indian National Trust for Art and Culture, are hereby published as required by Rule 18, sub-rule (2) of the National Monuments Authority (Conditions of Service of Chairman and Members of Authority and Conduct of Business) Rules, 2011, for inviting objections or suggestions from the public;

Objections or suggestions, if any, may be sent to the Member Secretary, National Monuments Authority (Ministry of Culture), 24 Tilak Marg, New Delhi or email at helpdesk.nma@gmail.com within thirty days of publication of the Notification;

The objections or suggestions which may be received from any person with respect to the said draft bye-laws before the expiry of the period, so specified, shall be considered by the National Monuments Authority.

Draft Heritage Bye-Laws

CHAPTER I

PRELIMINARY

1.0 Short title, extent and commencements: -

(i) These bye-laws may be called the National Monuments Authority Heritage bye-laws 2019 of Centrally Protected MonumentsPurana Qila.

